तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

6 डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान का आगाज



## खबर संक्षेप

### पर्यवेक्षक एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी

**जांजगीर-चांपा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर अंतर्गत सिवनी सेक्टर में आंगनबाडी हाथी टिकरा केन्द्र क्रमांक 1 का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी हाथी टिकरा का केन्द्र क्रमांक 1 में कुल 20 बच्चे दर्ज हैं। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी में 12 बच्चों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। जिसमें से केन्द्र में कुल 3 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। आंगनबाड़ी हाथी टिकरा के केन्द्र क्रमांक 1 में साफ-सफाई का अभाव, अनौपचारिक शिक्षा का अभाव पाया गया एवं रेडी टू ईट उपलब्ध नहीं है, गरम भोजन का सामग्री माह भर के लिये उपलब्ध नहीं पाया गया। उक्त संबंध में संबंधित पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस दिया गया।

### मिशन शक्ति के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** मिशन शक्ति के लिए 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिले के सभी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं के शोषण और भेदभाव को समाप्त करना महिलाओं के सशक्तिकरण, सहायता और सहयोग प्रदान करना है। 12 जुलाई को जिले के सभी ग्राम पंचायत स्तर, आं.बां. केन्द्र, परियोजना स्तर पर बेटी पढाओ कार्यक्रम एवं जल संरक्षण के संबंध में स्लोगन के माध्यम से शपथ ग्रहण कराया जायेगा।

### गली मोहल्लों के साथ मुख्य मार्गों पर भी भरा पानी, नालियां बही पाटो पाट

# बारिश से शहर सहित अंचल तर-बतर, बिजली सप्लाई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरूवार की शाम गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। झमाझम बारिश से शहर सहित पूरा अंचल तर बतर हो गया। गली मोहल्लों के अलावा मुख्य मार्ग पर जगह जगह बरसाती पानी का जमाव हुआ, तो वहीं शहर के अधिकांश नालियां पाटो पाट बहने लगी। इधर बारिश शुरू होते ही बिजली की सेहत भी बिगड़ गई और जिला मुख्यालय सहित अंचल की बिजली सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई।

आषाढ़ महीने में पिछले सप्ताह भर से मौसम की बेरूखी ने जहां लोगों को बेहाल कर रखा था। वहीं खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान भी बारिश का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान गुरूवार की शाम मौसम का मिजाज बदला। वैसे तो सुबह से सूरज की तपन लोगों को बेहाल करती रही। गर्मी के कारण लोगों को घरों में भी सुकून नहीं मिल रहा था। शाम 5 बजे तक गर्मी के कारण लोग पसीने से तरबतर हो रहे थे। इसके बाद मौसम ने मिजाज बदला। आसमान में काले बादल छा गए। शाम 6 बजे बारिश शुरू हो गई। आसमान से बड़ी बड़ी बुंदे बरसने लगी। शहर में गरज चमक के साथ डेढ़ घंटे तक जमकर बरसात हुई। मौसम के मिजाज में आए इस बदलाव ने गर्मी से व्याकुल लोगों को राहत दिलाई। तकरीबन घंटे भर तक की झमाझम बारिश से शहर सहित पूरा पानी पानी हो गया। मुख्य मार्ग के अलावा अधिकांश गली मोहल्ले जलमग्न हो गए। शहर की नालियां पाटो पाट बहने लगी। विवेकानंद मार्ग के स्टेट बैंक के पास, लिंक रोड, नैला मुख्य मार्ग, शारदा चौक, नेताजी चौक पूरा जलमग्न हो गया था, तो इधर शहर के पुराना चंदनियापारा, बीडी महंत उपनगर, बुधवारी बाजार, गांधी चौक, सारथी मोहल्ला सहित कई मोहल्लों में नालियो का पानी सड़क के पानी के साथ बहने लगा। इन जगहों पर आधा से एक फीट तक पानी का बहाव रहा। इधर बारिश के साथ बिजली के भी नखरे शुरू हो गए। बूंदाबांदी शुरू होते ही जो बिजली गुल हुई थी, वह बारिश थमने के बाद नजर आई। शहर में बारिश थमने के बाद बिजली सप्लाई सुचारू हुई, जबकि ग्रामीण इलाकों में लोग बिजली की आंख मिचौली से रात भर हलाकान होते रहे।



शहर में झमाझम हुई बारिश।



बारिश से बचने छतरी लेकर निकली महिलाएं।

### केवी की छात्रा के पानी बॉटल में मिला एसिड, जांच में जुटा स्कूल प्रबंधन

**जांजगीर-चांपा।** केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में अध्ययनरत एक छात्रा के पानी की बॉटल में एसिड मिलने से सनसनी फैल गई है। परिजनों की शिकायत पर स्कूल प्रबंधन मामले की जांच में जुट गया है। वहीं अभी तक पुलिस थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इस घटना को लेकर स्कूल के छात्र व अभिभावक चिंतित नजर आ रहे है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर की 11वीं कक्षा की छात्रा सोमवार को दोपहर 1 बजे क्लास रूम में अपना बैग और पानी बॉटल छोड़कर सहेलियों के साथ ग्राउंड में निकली थी। कुछ देर बाद क्लास रूम में वापस आकर उसने बॉटल से एक घूंट पानी मुंह में डाला। पानी मुंह में डालते ही उसे जलन हुई, इसके बाद उसने घर आकर परिजनों को यह बात बताई। हड़बड़ाए परिजन स्कूल पहुंचे और पानी के बाटल में किसी के द्वारा एसिड मिलाने की बात कहते हुए प्रबंधन पर जमकर बरसे। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच करने का आश्वासन देकर किसी तरह परिजनों को शांत कराया। इसके अलावा 10 जुलाई को 11वीं क्लास में ही एक गुमनाम पत्र भी मिला है। यह पत्र अंग्रेजी में लिखा गया है। स्कूल प्रबंधन अब इस लेटर और पानी के बॉटल में एसिड मिलने के मामले की अपने स्तर में जांच कर रही है। हालांकि अभी तक पुलिस थाने में इसकी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। स्कूल प्रबंधन द्वारा लेटर के संबंध में जांच करने के लिए 11वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों के अंग्रेजी कापी को जब्त कर लिया गया है, ताकि हैण्ड राईटिंग की मिलान की जा सके। इसके अलावा छात्रा के बॉटल में एसिड मिलाने के संबंध में पता लगाने के लिए सीसी टीवी फुटेज के जांच की बात कही जा रही है।

# राइस मिल के कर्मचारी से डेढ़ लाख की उठाईगीरी



बैंक में पैसे निकालने पहुंचा राइस मिल का कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बैंक से पैसा निकालकर सामान खरीदते समय राईस मिल का कर्मचारी उठाईगिरी का शिकार हो गया। उठाएगिरो ने 10 रुपए गिरने के झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया। उठाएगीर डेढ़ लाख रुपए से भरा थैला लेकर फरार हो गए। घटना सिटी कोतवाली से महज दो सौ मीटर दूर रजनीश बुक डिपो के पास हुई। पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ओम राईस मील का कर्मचारी दिलीप सिंह 11 जुलाई को पैसा निकालने पंजाब नेशनल बैंक पहुंचा था। पीएनबी से उसने 1 लाख 50 हजार रुपए निकाले। इसके बाद एक थैले में डेढ़ लाख रुपए रखकर वह अपनी बाइक से कुछ जरूरी खरीददारी करने केरा रोड की ओर निकला। पैसे से भरा थैला मोटर साइकिल के हेंडल में लटका था। सिटी कोतवाली से कुछ दूर रजनीश बुक डिपो के पास दिलीप ने अपनी बाइक ख़डी की। इसी दौरान एक व्यक्ति ने दिलीप से कहा कि 10 रुपये सड़क में गिरा गया है। दिलीप मोटर साइकिल से नीचे उतरा और रुपए उठा कर वापस मोटर साइकिल तक पहुंचा तो देखा कि रुपए से भरा थैला गायब था। तुरंत उसने मामले की सूचना सिटी कोतवाली में दी। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने पर बैंक के सीसी कैमरों को चेक किया, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति रेकी करता नजर आ रहा है। पुलिस अब सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

**खास बातें**

- सिटी कोतवाली से महज 200 मीटर दूर हुई घटना
- 10 रुपए उठाने के चक्कर में हुई घटना




अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
देवेन्द्र केडिया
दिव्या केडिया
हर्ष केडिया
आंचल केडिया
फर्मः-राधा कृष्ण राईस मिल अकलतरा


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
फर्मः-मारुति राईस मिल
प्रशांत पांडे


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
फर्मः-आकाश राईस मिल इण्डस्ट्रीज
निखिल कौशिक


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कैलाश अग्रवाल
राखी अग्रवाल
मानस अग्रवाल
फर्मः-श्री ओमकार एग्रो टेक झलमला (नरियरा)


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्याम सुंदर अग्रवाल
माखन अग्रवाल
शुभम अग्रवाल
फर्मः-श्री गिरीराज इण्डस्ट्रीज झलमला (नरियरा)


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेश रीता अग्रवाल
विनय सीखा अग्रवाल
यश सोनू अग्रवाल
अस्चीत अग्रवाल
फर्मः-कस्तुरी राईस प्रोडक्ट


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
फर्मः-श्री श्याम मनोहर रसोई समिति सदस्यगण


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जुगल किशोर लिखमानीया
ममता लिखमानीया
सुनील लिखमानीया
आरती लिखमानीया
पवन लिखमानीया
सरला लिखमानीया
आयुष लिखमानीया
प्रिया लिखमानीया
उत्सव लिखमानीया
उमंग लिखमानीया
पारुल लिखमानीया
मिल्की लिखमानीया
अंशिका लिखमानीया
आव्यांश लिखमानीया
श्री सत्य कौशल ग्रुप अकलतरा


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रतन अग्रवाल
अंजना अग्रवाल
संस्कार अग्रवाल
फर्म:-लक्ष्मी राईस मिल मिनी माता चौक अकलतरा


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चंद्रकांत कश्यप
फर्म:-विजय लक्ष्मी राईस मिल


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ताराचंद अग्रवाल
मनोज अग्रवाल
राहुल अग्रवाल
किरण अग्रवाल
ममता अग्रवाल
प्रिया अग्रवाल
शुभम अग्रवाल
मुस्कान अग्रवाल
रियांश अग्रवाल
फर्म:-कान्हा राईस प्रोडक्ट (कापन वाले)

## खबर संक्षेप




### स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्रों ने किया पौधरोपण

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिंदी माध्यम विद्यालय बिंझरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। अलग-अलग स्थानों पर नीम, आम, अमरूद, जामुन, अनेक प्रकार के पौधे रोपे गए एवं पौधो की देखभाल करने की शपथ स्वयंसेवकों द्वारा लिया गया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर एक पेड़, मां के नाम अभियान की शुरुवात की गई है। जिसका उद्देश्य धरती में वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है ताकि ग्लोबल वार्मिंग में कमी आ सके। ज्ञात हो कि अभी बीते गर्मी में तापमान 46 से 47 डिग्री तक बढ़ चुका था। वृक्षारोपण से बहुत ही हद तक इसको कम किया जा सकता है। भारत की आबादी सवा सौ करोड़ से ज्यादा है और यदि प्रत्येक व्यक्ति एक एक पेड़ भी लगाए तो सवा सौ करोड़ पेड़ लगने से तापमान में काफी गिरावट आ सकती है। कार्यक्रम में सेजेस बिंझरा के शिक्षकों में बच्चों को प्रेरित कर स्वयं भी वृक्षारोपण कार्यक्रम का हिस्सा बने।

### तीर्थ यात्रियों की बस को अयोध्याधाम के लिए किया रवाना



**कोरबा।** शासन की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत बुधवार को नगर निगम के मुख्य कार्यालय साकेत भवन से 36 तीर्थ यात्रियों का दल श्री अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ। निगम के जनप्रतिनिधियों ने यात्री बस को रवाना किया तथा श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्याधाम रवाना होने वाले इन तीर्थ यात्रियों को बधाई दी। इस मौके पर तीर्थ यात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए सरकार का आभार जताया। इस मौके पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पालूराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, मुकेश राठौर, निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, निगम सचिव रामेश्वर कंवर, प्रकाश अग्रवाल, अनिल मिश्रा, अनिल यादव, मंजू सिंह, कृति चौहान आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### आंबा कार्यकर्ता व सहायिकाओं संघ ने सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका जिला संघ ने जिला स्तरीय विभागीय समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्टर और जिला कार्यक्रम अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया है जिनमें मानदेय राशि की अनियमित भुगतान, पूरक पोषण आहार की राशि का अनियमित भुगतान, इंसेटिव राशि की अनियमित भुगतान, नए भवनों की स्वीकृति, भवन किराया की अनियमित भुगतान शामिल हैं। जिसके कारण आंबा कार्यकर्ता व सहायिकाओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अंजनी पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री, चंपा पैकरा जिला महामंत्री, सीता कंवर अध्यक्ष, श्यामता उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ जिला, कुमारी पटेल एवं निरासो उपस्थित रहें।

# स्कूलों में छात्रों को नाश्ता देने योजना का तैयार हो रहा डीपीआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

प्राईमरी और मीडिल स्कूल के छात्रों को मध्यान्ह भोजन के पूर्व नाश्ता देने की योजना का डीपीआर तैयार किया जा रहा है। नाश्ते में मीनू क्या रहेगा इसे तय करने के लिए अधिकारियों की टीम बनाई गई है। स्कूलों में दर्ज संख्या के आधार पर प्रति छात्र की राशि तय होगी। एक सप्ताह के अंदर नाश्ता योजना को मूर्त रूप देने की तैयारी शुरू हो गई है।

सप्ताह में एक दिन मध्यान्ह भोजन के साथ न्यौता भोजन की योजना पहले से ही चल रही है। जिसे जनभागीदारी के सहयोग से स्कूलों में क्रियान्वित की जा रही है। न्यौता भोजन के बाद सरकार अब प्राईमरी और मीडिल स्कूल में मध्यान्ह भोजन के साथ साथ पौष्टिक आहार देने वाले नाश्ते योजना पर भी कार्य कर रही है। इसके लिए जिला प्रशासन को निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। जिसके तहत शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जिले में 1400 से अधिक प्राईमरी व मीडिल स्कूल हैं। जहां 70 हजार से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। इन छात्रों को मध्यान्ह भोजन के पहले स्कूल पहुंचने के एक घंटे बाद नाश्ता दिया जाना है और उसके लिए भी राज्य शासन ने मीनू तैयार करने प्रशासन को ही जिम्मेदारी दी है। नाश्ते में पौष्टिक आहार दिए जाने के निर्देश के तहत शिक्षा विभाग ने नाश्ते का मीनू तैयार करने के लिए अधिकारियों की टीम बनाई है, जो नाश्ते में किस बच्चे को क्या दिया जाना है इसकी मीनू तैयार करेगी। विभाग के द्वारा छात्रों की दर्ज संख्या संकलित की जा रही है। उस आधार पर प्रति छात्र राशि तय होगी और उक्त राशि से ही नाश्ते की योजना शुरू की जाएगी।

### प्रायमरी और मिडिल स्कूल में लागू होगी योजना

**खास बातें**

- दर्ज संख्या के आधार पर तय होगी छात्र राशि
- न्यौता भोजन में ग्रामीण अंचलों में हो रही जनभागीदारी



**जल्द शुरू किया जाएगा**

शासन से निर्देश मिले हैं छात्रों को मध्यान्ह भोजन के पूर्व पौष्टिक आहार का नाश्ता दिया जाना है, जिसकी तैयारी चल रही है। डीपीआर तैयार किया गया है और जल्द ही नाश्ता योजना शुरू कर दी जाएगी।

-टीपी उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी

### शहर के स्कूलों में शुरू हो गई थी योजना

उद्योग मंत्री के निर्देश के बाद कुछ स्कूलों में प्राचार्यों ने नाश्ते की योजना को अपने खर्च पर ही शुरू कर दिया था, लेकिन जब उन्हें इस बात की जानकारी लगी कि अभी तक इस योजना को मूर्त रूप देने के संबंध में कोई राशि तय नहीं की गई है। कितनी राशि दी जाएगी इसका कोई ब्यौरा प्राचार्यों को नहीं मिला था। परिणाम स्वरूप प्राचार्यों ने कुछ दिन ही नाश्ता योजना पर कार्य किया और उसके बाद विभाग के आगामी आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

## हर महीने होता है हादसा, फिर भी नहीं बरत रहे सावधानी

# खदानों में बढ़ रही दुर्घटनाएं, 6 वर्षों में 80 से अधिक हादसे, 90 की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला खदान में होने वाली दुर्घटना की रोकथाम को लेकर गंभीर नहीं है। सेफ्टी फंड में कोल इंडिया द्वारा कटौती की जा रही है। इस वजह से खदानों में लगातार हादसे बढ़ रहे हैं। बीते छह वर्षों में खदानों में 80 से अधिक हादसे हुए और 50 लोगों की जानें चली गई। वहीं एसईसीएल की खदानों में पिछले 11 माह में 15 गंभीर हादसे घटित हुए हैं। इसे लेकर श्रमिक संगठनों ने नाराजगी व्यक्त की है और खदान में हो रहे हादसों पर नियंत्रण लाने की मांग की है।

एसईसीएल की खदानों में हो रहे हादसे अब सड़क हादसों को भी पीछे छोड़ रहे हैं। खदानों में हर महीने मौत व गंभीर हादसे से कर्मियों में दहशत का माहौल बना रहता है। खदान प्रबंधन कोल कर्मियों को सुरक्षा देने गंभीर नजर नहीं आ रहा है। खदानों में कोल कर्मियों की सुरक्षा के लिए खान अधिनियम 1952 के तहत उपाए करने होते हैं। खदानों के भीतर हादसे के कारण, खान प्रबंधन को बेहतर बनाने, अस्थायी अवरोधों पर ध्यान देने के लिए हर साल बजट जारी किए जाते हैं। एसईसीएल की ओपन और अंडरग्राउंड मिलाकर कुल 65 खदानें हैं। खदानों में हादसे कम करने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं वे काफी नहीं है। बार-बार चूक हो रही है। जहां भारी वाहनों की एंट्री नहीं होनी चाहिए, वहां पर भारी वाहनों से हादसे हो रहे हैं। करोड़ों की महंगी मशीनों को नुकसान पहुंच रहा है। पहले की तुलना में फंड में कमी के चलते ये हादसे बढ़ रहे हैं। इसे लेकर श्रमिक संगठनों ने नाराजगी जताई है। खदान हादसों में रोक लगाने श्रमिक संगठनों द्वारा एसईसीएल सीएमडी को पत्र भी लिखा गया है। देखना यह है कि अब एसईसीएल प्रबंधन खदान की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाता है।

**खास बात**

- बैठकों में खदान हादसों को लेकर जताई जाती है चिंता, पर नियंत्रम को लेकर नहीं दिखायी कार्यवाही



### इन खदानों में हो रहे सबसे ज्यादा हादसे

0 रजगामार खदान में पंप ऑपरेटर राधेश्याम की पांच जुलाई को हादसे में मौत हो गई थी। ऑपरेटर राधेश्याम की मौत के बाद एसईसीएल प्रबंधन ने मृतक के आश्रितों को 10 लाख 43 हजार का मुआवजा दिया है।
0 दीपका खदान में ईपी फीटर लाल दास खरे की 29 सितंबर को खदान हादसे में मौत हो गई थी। ईपी फीटर लालदास की हादसे में मौत के बाद आश्रितों को कंपनी ने 10 लाख 96 हजार लाख का मुआवजा दिया।
0 इसी तरह एसईसीएल की कुर्जा ओपन कास्ट में ठेका मजदूर एमएस कंवर की 16 नंवबर को हादसे में मौत हो गई। जिसके बाद ठेका श्रमिक एमएस कंवर के आश्रितों को कंपनी ने 14 लाख 77 हजार का मुआवजा दिया गया।
0 दीपका खदान में ठेका मजदूर पारस यादव की 29 नंवबर को खदान हादसे में मौत हो गई थी। ठेका मजदूर पारत की मौत के बाद मृतक के आश्रितों को एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने 12 लाख 21 हजार का मुआवजा दिया।

### उठता रहा है मामला

समय-समय पर सुरक्षा समिति की बैठक में खदानों में होने वाली दुर्घटना का मामला उठता रहा है। इसकी रोकथाम को लेकर प्रबंधन की ओर से हर बार आश्वासन दिया गया है। लेकिन आंकड़े सच्चाई बता रहे हैं। श्रमिक संगठनों द्वारा भी बैठकों में खदान हादसों में बढोत्तरी को लेकर चिंता जताई जाती है। बावजूद इसके खदान दुर्घटनाओं में नियंत्रण लाने कोई खास कवायद देखने को नहीं मिल रही है।

### किस वर्ष कितने हादसे

| वर्ष | घातक हादसे | गंभीर दुर्घटना |
|---|---|---|
| 2017 | 07 | 07 |
| 2018 | 10 | 09 |
| 2019 | 07 | 10 |
| 2020 | 12 | 05 |
| 2021 | 05 | 10 |
| 2022 | 04 | 17 |
| 2023 | 02 | 11 |

# यूपी के आर्मी कैंटीन से शराब लाकर परोस रहा था ढाबे में, गिरफ्तार



आबकारी विभाग द्वारा जप्त की गई शराब की खेप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उत्तरप्रदेश के आर्मी कैंटीन से शराब की खरीदी कर उसे बकायदा ढाबे में खपाने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा था। जब इसकी भनक आबकारी विभाग के अधिकारियों को मिली तो उन्होंने ढाबे में दबिश दी जहां आबकारी की टीम ने ढाबे से आर्मी कैंटीन से खरीदी गई शराब जप्त कर मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**खास बात**

- आबकारी वृत्त कटघोरा ने देव ढाबा में मारा था छापा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बख्शी के मार्गदर्शन में 9 जुलाई को आशीष उप्पल आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा मुखबिर अन्य प्रांत की मदिरा को लाकर अवैध रूप से बेचे जाने की सूचना के आधार पर तुमान रोड में स्थित देव ढाब्रा पर अपने छद्म खरीदारों को भेजकर मदिरा की खरीदारी कराई गई। जैसे ही ढाब्रा संचालक ने अन्य प्रांत की मदिरा पैग बनाकर आबकारी टीम के ही द्वारा भेजे खरीदारों को परोसीं। आबकारी टीम ने इशारा पाकर दबिश दी। ढाबे की विधिवत तलाशी लेने पर छिपा कर रखी गई 3 नग बोतल बरामद की गई। ग्राहकों को प्लास्टिक डिस्पोजल में परोसीं मदिरा और खरीदारी में प्रयुक्त 100 रुपए का चिन्हांकित नोट भी आरोपी से बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)ख,36 क 36 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पर कार्यवाही की गई है।

उपरोक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल आबकारी मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, आरक्षक दशराम सिदार नगर सैनिक राजेश दुबे, प्रजेश सिंह एवं अंबिका का सराहनीय योगदान रहा।

# पेयजल की समस्या से मिलेगी निजात, शहरी फीडर से जुड़ेगी ग्रामीण क्षेत्र की बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका क्षेत्र में पानी की गम्भीर समस्या बनी हुई है। पानी की समस्या को देखते नगर पालिका वार्ड 3 के पार्षद द्वारा लगातार प्रशासन को आवेदन के माध्यम से समस्या की जानकारी दी जा रही थी, नगर पालिका सीएमओ भी इस समस्या के निराकरण करने हाथ खड़े कर दिए।

पार्षद द्वारा फिर कलेक्टर को लिखित में दो बार पानी की समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन भी सौंपा गया था। ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि एक माह के अंदर यदि निराकरण नहीं किया जाएगा तो नगर पालिका कटघोरा का घेराव किया जाएगा। पार्षद द्वारा बताया गया कि कटघोरा में पानी सप्लाई अमाखोखरा घुघरी डैम से होता है, जो ग्रामीण टाउन है। ग्रामीण टाउन होने के कारण हमेशा लाइट बंद रहती है यदि ग्रामीण टाउन के लाइट को शहर टाउन में जोड़ दिया जाएगा तो वहा हमेशा लाइट रहेगी और पानी सप्लाई निरंतर होगा। जिसके लिए शहरी फीटर में लाइट को जोड़ने के लिए 15 लाख का खर्च है जो नगर पालिका में नहीं है। कलेक्टर द्वारा निराकरण करते यह राशि पीएचई विभाग से बिजली विभाग बिलासपुर को भुगतना कर दिया गया है। जिस संबंध में तत्काल टेंडर करने और कार्य प्रगति लाने कोरबा सुप्रीडेंडेन इंजीनियर कोरबा को ज्ञापन सौंपा गया ताकि जल्दी कार्य चालू हो और कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र के लोगों को पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा।



ज्ञापन सौंपते पार्षद।

# चतुर्थ श्रेणी के पदों पर होने वाली भर्ती स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन द्वारा द्वारा जिले में चतुर्थ श्रेणी के 110 पदों के लिए शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया के तहत अनुसूचित जति एवं जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों से मंगाए गए आवेदन के बाद अब तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। वर्तमान में शासन के द्वारा भर्ती प्रक्रिया को स्थगित किए जाने से शिक्षित बेरोजगार अपने को छला महसूस कर रहे हैं। सितंबर माह में आवेदन मंगाए गए थे तब से भर्ती प्रक्रिया रूकी हुई थी।

**खास बात**

- विधानसभा चुनाव के पूर्व भरे गए थे आवेदन

लंबे समय बाद चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती प्रकिया पूर्ववर्ती सरकार के समय विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश के सभी जिलों में शुरू की गई थी, जिसमें 110 पद शामिल थे। इनमें आश्रम छात्रावास में भृत्य पद व अन्य शासकीय विभागों में रिक्त पद शामिल थे। भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के समय जिले के शिक्षित बेरोजगारों ने आदिम जाति कल्याण विभाग में अपने आवेदन जमा किए थे। सात माह से अधिक का समय गुजरने के बाद अब आवेदन जमा करने वाले शिक्षित बेरोजगार मायुस हो गए हैं। लगातार विभाग का चक्कर काटने के बाद उन्हें जब यह बताया किया कि भर्ती प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है तो मायुस शिक्षित बेरोजगार बैरंग लौट रहे हैं। कलेक्टर में प्रतिदिन ऐसे कई शिक्षित बेरोजगार आदिम जाति कल्याण विभाग के दफ्तार का चक्कर काटते नजर आ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि रिक्त पदों के लिए शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया वर्तमान में स्थगित है, नये सिरे से फिर शुरू होगी। हालांकि शासन की ओर से भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने के संबंध में कोई दिशा निर्देश आदिम जाति कल्याण विभाग को नहीं मिले हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत पिछड़ी संरक्षित जनजातियों का सर्वे किया गया था। उनके युवाओं को फिलहाल मानदेय के दर पर नियुक्त जरूर दी गई है वह भी अस्थाई है।




**भर्ती प्रक्रिया स्थगित**

चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया शासन के द्वारा स्थगित कर दी गई है। नये दिशा निर्देश अब तक शासन की ओर से भर्ती प्रक्रिया के संबंध में नहीं मिले हैं।

-श्रीकांत कसेर, सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्यासा विभाग

### आवश्यक सूचना

मै तिलक राम साहू पिता स्व. सिध्द राम साहू जाति साहू निवासी ग्राम पिसौद तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) एतद द्वारा सर्वसाधरण को यह सूचित करता हूं कि ग्राम पिसौद प.ह.न. 14 रा.नि.म. व तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) मे स्थित भूमि खसरा नं. 1731 एवं खसरा नं. 2524/2 रकबा क्रमशः 0.073 हे. एवं 0.089 हे. के स्वामित्व एवं आधिपत्य के संबंध मे मेरे एवं मेरे भाई हरिराम पिता सिध्दराम के मध्य विवाद है उक्त पैतृक भूमि से संबंधित द्वितीय अपील प्रकरण SA NO-160/2024 माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष विचाराधीन है एवं श्री हरिराम के आवेदन पर राजस्व निरीक्षक जांजगीर द्वारा उक्त भूमि के सीमांकन कार्यवाही के संबंध मे मेरी ओर से आपत्ति प्रस्तुत की गई है एवं भूमि **खसरा नंबर** 1636, 1904/1, 2524/2, 2723/3, 759/4, 2842/1, 2837/3, 2700/3, 851/1, 1731, 1937/1, 2524/2, 2792/1, 1904/3, 1904/2, 2524/4, 2604/3, 2713, 1937/2, रकबा क्रमशः 0.67, 0.20, 0.40, 0.05, 0.02, 0.08, 0.04, 0.04, 0.17, 0. 18, 0.13, 0.22, 0.02, 0.20, 0.33, 0.40, 0.01, 0.26, 0.09 एकड़ भूमि के संबंध मे भी माननीय न्यायालय मे वाद विचाराधीन है।

एतद सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि हरिराम उक्त भूमि को किसी को भी बेचता है और कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि को खरीदता है तो वह उक्त विवादास्पद भूमि के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अधीन होगा। तथा उक्त निर्णय संभावित क्रेता के लिये भी बाध्यकारी होगा तथा संभावित क्रेता को उस भूमि पर स्वयंमेव कोई अधिकार प्राप्त नही होगा। एतद सूचना जाने। स्थान- जांजगीर
दिनांक- 09.07.2024

**तिलकराम साहू पिता स्व. सिध्दराम साहू**
**ग्राम पिसौद, थाना व तहसील जांजगीर**
**जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
**सूचनाकर्ता/ आवेदक**

### ईश्तहार / उद्घोष्णा

**रा.प्र.क. अ-2/2023-24 ग्राम सरवानी प.ह.न. 16. तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम सरवानी प.ह.नं. 16 तहसील - सारागांव जिला जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका श्रीमती अमृता बरेठ पति चोभीलाल बरेठ ने कृषि भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 25.07. 2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

खसरा नं. 380/5 रकबा 0.239 हेक्टेयर भूमि.....लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 10.07 2024 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ /अ-2/2023-24
ग्राम सुकलीपाली तहसील-अड़भार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि यशवंत कुमार गवेल पिता कृष्णो लाल गवेल जाति गवेल निवासी सुलौनी तहसील अड़भार जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम सुकलीपाली तहसील अड़भार जिला-सक्ती (छ.ग.) में अवस्थित भूमि खसरा नं. 115/1 रकबा 0.1050 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 15/7/24 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

आज दिनांक 28/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मूहर लगाकर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मालखरौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**

### आर्दश ग्राम पंचायत केरा जनपद पंचायत नवागढ़ जिला - जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आर्दश ग्राम पंचायत केरा, जनपद पंचायत नवागढ़, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) में शासकीय तालाबों को 10 वर्षीय पट्टे पर मछली पालन हेतु दिया जाना है। जो निम्नानुसार है

**01. बांधा तालाब (गौठान के पास)**
**02. चमरी तालाब**
**03. नवा तालाब**
**04. टोनही डबरी**

यह की इन सभी तालाबों को छत्तीसगढ़ शासन मछली पालन नीति निर्देशानुसार मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर दिया जाना है। इच्छुक पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति मर्या./ मछुआ समूह/ मछुआ व्यक्तिगत/ स्व सहायता समूह हितग्राही अपना आवेदन दिनांक 27/07/2024 तक कार्यालयीन समय 5:30 बजे शाम तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि समय के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। छ.ग. शासन मत्स्य पालन निति के मापदण्ड के आधार पर तालाबों का आबंटन होगी।

दिनांक 12/07/2024

**सचिव**
**ग्राम पंचायत केरा**
**जनपद पंचायत नवागढ़**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

### हाथियों के झुण्ड ने कुदमुरा में डाला डेरा

**कोरबा।** 9 शावकों के साथ 31 हाथियों के झुण्ड ने कोरबा वनमंडल अंतर्गत कुदमुरा जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1140 में डेरा डाल दिया है। जिससे ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। हाथियों का यह झुण्ड रायगढ़ जिले के छाल रेंज के हाटी परिसर से आया है जिसमें 7 नर, 11 मादा व 9 शावक शामिल हैं। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने से ग्रामीण दहशत में हैं वहीं वन विभाग द्वारा लगातार हाथियों की निगरानी की जा रही है। वन अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की हर गतिविधियों की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे रहे हैं। वहीं जंगल से लगे गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सावधान भी किया जा रहा है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं।

TOP IN JANJGIR

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college
Nehru Chowk Bilaspur
Mo.7000421146





अकलतरा में श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नानक चंद अग्रवाल
प्रिंस अग्रवाल
पियूष अग्रवाल
अयांश अग्रवाल
अनय अग्रवाल
फर्म:-महावीर राइस इण्डस्ट्रीज, महावीर सर्विस स्टेशन, महावीर पेट्रोलियम के.एस.के.


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विजय केडिया
नरेश केडिया
नितिन केडिया
विपुल केडिया
अभिषेक केडिया
फर्म:-डी.एल. केडिया परिवार, अकलतरा


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रमोद सराफ
विवेक सराफ
उमंग सराफ
फर्म:-जय अम्बे राईस मिलिंग इण्डस्टीज
जय अम्बे एग्रोटेक, जय अम्बे वेयर हाउसिंग, नव्या फुड्स


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नरेश अग्रवाल
रसिक अग्रवाल
आकाश अग्रवाल
फर्म:-रसिक बिहारी फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड तरौद (अकलतरा)


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मोहन बगड़िया
सुमित बगड़िया
फर्म:-जीड़ माता राईस मिल


अकलतरा में
श्री श्याम मनोहर मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अरुण केडिया
संकलनकर्ता
प्रथम केडिया

खबर संक्षेप

## नर्सरी ग्राउंड में पौधरोपण कर सुरक्षा की ली शपथ



**तुस्मा।** शिवरीनारायण से लगे ग्राम तुस्मा के खेल मैदान नर्सरी ग्राउंड में बुधवार को पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों द्वारा पौधा रोपण किया गया। अभ्यर्थियों द्वारा पौधा रोपण कर उसकी रक्षा करने एवं देखभाल करने के साथ साथ पौधा के चारो ओर पत्थर से घेराव करके उसकी सुरक्षा करने की शपथ लिया। चिरंजीव साहू ने बताया की पर्यावरण हमारा परिवेश,हमारा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए घर प्रदान करता है और इसके विकाश में सहायता प्रदान करता है। जब तक हम अपने पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा नही करेंगे तब तक जीव,जंतु, किसानों द्वारा बोई गई फसल और हम खुद भी खतरे में है। अगर हमारे पास रहने के लिए कोई। वातावरण न हो तो हम मनुष्य जीवित नही रहेंगे। इसी लिए अपने जीवन के साथ साथ दूसरे का भी जीवन को अनमोल समझते हुए एक पौधा जरूर लगाने की अपील की चाहे वह फल दार हो या छाया दार हो लेकिन एक पौधा अपनी जीवन में जरूर लगाएं।

## गौरव पथ में पालिका परिवार कल करेगा पौधरोपण

**चांपा।** स्थानीय नगरपालिका परिषद द्वारा शनिवार 13 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से गौरव पथ स्थित मिलेट कैफे परिसर में वृहद पौधरोपण का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, वनमण्डलाधिकारी प्रियंका पाण्डेय तथा पालिका पदाधिकारी व पार्षदगण सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में आमंत्रितों से अनिवार्य उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान के लिए कुमुदिनी एवं रविन्द्र चयनित

**चांपा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यापीठ, मथुरा ने शिक्षा, साहित्य लेखन एवं समाज सेवा के क्षेत्र में





उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रीमती कुमुदिनी द्विवेदी एवं रविन्द्र द्विवेदी को 'विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान' (डॉक्टरेट) से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। श्रीमती कुमुदिनी द्विवेदी ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार किए हैं, और उनके शिक्षा एवं साहित्य पर लेखन ने शिक्षा साहित्यिक जगत में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। उनके द्वारा लिखित पुस्तकों और लेखों ने समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया है, और उन्होंने अनगिनत छात्रों को प्रेरित किया है। श्रीमती द्विवेदी लायनेस क्लब चांपा के अध्यक्ष, सचिव रहते हुए महिला सशक्तिकरण, नारी शिक्षा, बालिका शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत योगदान दिये है जिसके लिए उन्हें राज्यपाल के हाथों श्रेष्ठ शिक्षिका का सम्मान 2004 से नवाजा गया है। श्रीमती कुमुदिनी द्विवेदी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला साक्षरता अधिकारी जांजगीर चांपा के रूप में अपने सेवा दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुकी हैं और अनेकों सम्मान एवं अलंकरण से सम्मानित हैं। रविन्द्र द्विवेदी ने शिक्षा साहित्य लेखन एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। वे विभिन्न शैक्षणिक,साहित्यिक,सामाजिक संगठनों, के माध्यम से समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं। उनकी सेवाएं और समर्पण समाज के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करते हैं।

## केंद्रीय सैन्य पुलिस बल परीक्षा में अभिनव ने प्राप्त किया ऑल इंडिया 34 वां रैंक

**मुलमुला-अकलतरा।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित केंद्रीय सैन्य पुलिस बल में अभिनव सिंह ने पहले ही प्रयास में अखिल भारतीय 34 वां रैंक



प्राप्त किया है। अभिनव सिंह स्कूल में भी मेधावी छात्र रहे हैं एवं दसवीं एवं बारहवीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा भी न्यूवोको पब्लिक स्कूल से उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। अभिनव न्यूवोको सीमेंट प्लांट गोपालनगर आरसमेटा के कर्मचारी एवं मूलतः ग्राम पिरैया के निवासी रामकुमार सिंह एवं श्रीमती मंजू सिंह के पुत्र है। उनकी इस उपलब्धि पर न्यूवोको पब्लिक स्कूल परिवार ,न्यूवोको सीमेंट प्लांट के कर्मचारीयों एवं ग्राम पिरैया के निवासियों के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए अभिनव सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### निधन

### शत्रुघ्न लाल धीवर

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के मिलन चौक निवासी प्रतिष्ठित नागरिक शत्रुघ्न लाल धीवर का आकस्मिक



निधन रविवार 7 जुलाई को हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र सुरेश कुमार धीवर ने दी। उनके अंतिम यात्रा में परिजन सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कलेक्टोरेट परिसर के कूलर व जल भराव वाले स्थानों के निरीक्षण से हुई शुरुआत

# डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर ने जिले में डेंगू - मलेरिया की रोकथाम के लिए 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर का निरीक्षण कर परिसर में लगे कूलर एवं अन्य पानी जमा होने वाले जगह का अवलोकन किया। उन्होंने मच्छरों के लार्वा पनपने से रोकने के लिए अनावश्यक जमे हुए पानी को बाहर निकालने के निर्देश दिए।



कलेक्टोरेट परिसर के छत पर जाकर टंकी का अवलोकन करते कलेक्टर, कूलर की पानी सफाई कराते सहायक कलेक्टर।

कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा जिले को डेंगू - मलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान '' 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान'' की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत कलेक्टर ने प्रत्येक गुरूवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट के लिए जिले के अधिकारी कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालयों का निरीक्षण कर मच्छरों के लार्वा पनपने से रोकने के लिए अनावश्यक जमे हुए पानी को बाहर निकालने, आवश्यक जगहों पर मिट्टी तेल, इंजन आयल एवं अन्य लार्वा रोधी पदार्थों का छिड़काव कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अपील कर कहा कि अपने आस पास के जल भराव वाले स्थानों की साफ-सफाई रखें। इसी तारतम्य में कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार 11 जुलाई को कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर का निरीक्षण कर परिसर में लगे कूलर एवं अन्य पानी जमा होने वाले जगह का अवलोकन किया। उन्होंने मच्छरों के लार्वा पनपने से रोकने के लिए अनावश्यक जमे हुए पानी को बाहर निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टोरेट कार्यालय के छत पर जाकर पुराने कंडम पड़े सामानों को हटाने अथवा आवश्यकतानुसार डिस्पोज करने कहा।

उन्होंने सीपेज वाले स्थानों को भी मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए, जिससे मलेरिया-डेंगू वाले मच्छर न पनप सके। कलेक्टर ने सभी अधिकारी अपने कार्यालयों का सुबह 10 बजे निरीक्षण करने कहा एवं ऐसे स्थान जहाँ मच्छर पनपते हैं - जहां पानी का ठहराव है या पानी जमा हो रहा है जैसे कूलर, ख़ाली पड़े टायर, ख़ाली बर्तन इत्यादि को साफ़ कर पाएंगे अथवा कैरोसीन तेल का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित जिले के सभी अधिकारियों ने अपने कार्यालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई की करने की निर्देश दिए। उल्लेखनीय है की कलेक्टर छिकारा ने प्रत्येक गुरुवार को प्रातः 10 बजे से 10 मिनट तक सभी अधिकारी जिले को डेंगू - मलेरिया मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वच्छता समूह सहित अन्य व्यक्ति प्रत्येक गुरूवार को प्रत्येक ग्रामों में गृह भेंट करके घर के भीतर, आसपास किसी भी प्रकार के पुराने बर्तन, पुराने प्लास्टिक डिब्बे, पुराने टायर एवं कूलर इत्यादि में किसी भी प्रकार से पानी को जमा नहीं होने देने की जानकारी देकर जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।



## श्री खाटू श्याम बाबा के विग्रह की आज होगी प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के अग्रसेन नगर, बलौदा रोड में नवनिर्मित श्री श्याम मनोहर मंदिर में श्री खाटू श्याम बाबा के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 12 जुलाई को की जाएगी। श्री श्याम भक्त परिवार अकलतरा के द्वारा इस भव्य एवं ऐतिहासिक अवसर के लिए विगत कई वर्षों से तैयारी की जा रही थी।

12 जुलाई को श्री खाटू श्याम के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व श्री श्याम परिवार के द्वारा नगर में 7 जुलाई को अभूतपूर्व नगर सजावट के साथ भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में 8 जुलाई को सुबह 8 बजे जलाधिवास शाम 4 बजे अन्नाधिवास के साथ रात्रि में निहारिका पुरोहित ,चैतन्य ददीच एवं ऋतुराज अग्रवाल के द्वारा भजन संध्या ,9 जुलाई को सुबह 8 बजे घृताधिवास शाम 4 बजे पुष्पाधिवास एवं रात्रि में सौरभ शर्मा ,संध्या तोमर एवं आशी अमिषी के द्वारा भजन संध्या,10 जुलाई को सुबह फल मिष्ठान एवं शाम 4 बजे शर्करा भोग एवं रात्रि में निखिल श्याम अंश शर्मा एवं पंकज सोनी के द्वारा भजन संध्या, 11 जुलाई को सुबह औषधि एवं शाम 4:00 बजे शैय्या अर्पण एवं रात्रि में शुभांगी सोनी, प्रकाश मिश्रा व अमोल शुभम के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। 12 जुलाई को दोपहर 12:29 बजे श्री खाटू श्याम जी के विग्रह की महा आरती के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा एवं रात्रि में अमित अग्रवाल ,कोमल चोपड़ा एवं अमन अग्रवाल के द्वारा श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा क्षेत्र वासियों से श्री खाटू श्याम बाबा के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

## आज से 27 दिसम्बर तक जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का होगा आयोजन

**सक्ती।** जिले में आमजनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के उद्देश्य से 12 जुलाई से 27 दिसम्बर तक जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय शिविर अंतर्गत कल विकासखंड मालखरौदा के हायर सेकण्ड्री स्कूल आमनदुला में शिविर आयोजित है। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा विभिन्न विकासखंड के निर्धारित स्थलों पर आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभाग प्रमुख को शिविर पर स्वयं उपस्थित रहकर आमजन से प्राप्त आवेदन पत्रों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**कब और कहां होगा शिविर का आयोजन** -जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 12 जुलाई को मालखरौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत आमनदुला के हायर सेकेंडरी स्कूल आमनदुला में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 26 जुलाई को सक्ती विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नगरदा के हायर सेकेंडरी स्कूल नगरदा में, 08 अगस्त को जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत हसौद के हायर सेकेंडरी स्कूल हसौद में, 23 अगस्त को डभरा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल सपोस में, 13 सितम्बर को मालखरौदा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल सिंघरा प्रागंण में, 27 सितम्बर को सक्ती विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल मसनियाकला में, 11 अक्टूबर को जैजैपुर विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल काशीगढ़ में, 25 अक्टूबर को डभरा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल किरारी में, 08 नवम्बर को मालखरौदा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल फगुरम में, 22 नवम्बर को सक्ती विकासखंड के मिडिल स्कूल बरपालीकला में, 13 दिसम्बर को जैजैपुर विकासखंड के हाई स्कूल रायपुर में और 27 दिसम्बर 2024 को डभरा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल टुण्ड्री में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## आज की युवा पीढ़ी को कानून की जानकारी होना बेहद जरूरी : कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चांपा में विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें महान कानूनविद् न्यायविद् और वरिष्ठ

- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित हुआ।



छात्र-छात्राओं को जानकारी देते न्यायाधीश।

न्यायाधीश श्रीमती रविन्दर कौर ने शिरकत की। इस अवसर पर जस्टिस श्रीमती कौर ने छात्र-छात्राओं को विधि, कानून और देश में लागू होने वाले नये कानूनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि आज की युवा पीढ़ी को कानून की जानकारी होना बेहद जरूरी है, ताकि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भलीभांति समझ सकें और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज में योगदान दे सकें। उन्होंने छात्रों को विधिक साक्षरता के माध्यम से समाज में न्याय और समता स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस संवादात्मक सत्र ने छात्रों को कानूनी ज्ञान के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया।विद्यालय के उप प्राचार्य भास्कर शर्मा ने जस्टिस महोदयजी का स्वागत करते हुए समस्त छात्र छात्राओं को उनका परिचय कराया। साथ ही इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में उपस्थिति के लिए न्यायविद् श्रीमती रविन्दर कौर का धन्यवाद किया और भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ता लखेश्वर प्रसाद कहरा, अनिल कुमार महार ने भी छात्र छात्राओं को आवश्यक नियम कानून की महत्वपूर्ण जानकारी से छात्रों को अवगत कराया। आयोजित विधिक साक्षरता कार्यक्रम अवसर पर आर पी मरकाम, रविन्द्र द्विवेदी, गिरीश कुमार साहू, जितेंद्र राठौर सहित बड़ी तादाद में विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## विभिन्न स्कूलों में हुआ जवाहर नवोदय विद्यालय टेस्ट परीक्षा का आयोजन

**बिर्रा।** नवोदय विद्यालय टेस्ट परीक्षा सभी प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। बम्हनीडीह विकासखण्ड बीईओ एमडी दीवान के मार्गदर्शन में संकुल केन्द्र बिर्रा सिलादेही में जवाहर नवोदय विद्यालय टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें सिलादेही के संकुल प्रभारी प्राचार्या समरीन खान शैक्षिक समन्वयक गुरू प्रसाद भातपहरे ने प्राथमिक विद्यालय देवरानी, सिलादेही , मौहाडीह, गतवा



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान सभी बच्चे शांति के साथ प्रश्न को हल करते पाया गया। वहीं देवरानी प्राथमिक शाला में 11 छात्र छात्रा मे 8 बालक बालिका उपस्थित थे तथा 5विद्यार्थी अनुपस्थित पाया गया। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय सिलादेही में 18 विद्यार्थी में 13 बालक बालिका उपस्थित थे और 5 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। मौहाडीह में 9 छात्र छात्रा मे 6 उपस्थित थे और 2 अनुपस्थित मिला। इस तरह से पहली बार जवाहर नवोदय विद्यालय टेस्ट परीक्षा का आयोजन मे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया और अपने स्तर से प्रश्न को हल किया गया।

## निर्दोषों के विरूद्ध कार्रवाई रोकने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

युवक कांग्रेस ने प्रदेश में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था एवं कांग्रेस पार्टी व युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकताओं के उपर शड़यंत्रपूर्वक एफआईआर करते हुये उन पर पुलिस द्वारा किये जा रहे अत्याचार एवं हो रहे अन्याय के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से भेंट की। इस दौरान निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देष पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा एवं जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने युवा कांग्रेसी पदाधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुये प्रदेश भाजपा सरकार के निर्देश पर दुर्भावनावश एवं बदले की भावना से पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। युवा कांग्रेस व कांग्रेस के प्रतिनिधिमण्डल में रमेश पैगवार कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष, जिला कांग्रेस उपाध्यक्षद्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्धिकी, नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल,



अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

महामंत्री शिशिर द्विवेदी, विधानसभा युंका अध्यक्ष पंकज शुक्ला, विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश तिवारी, पार्षद विष्णु यादव एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने सौंपे गये ज्ञापन में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिये प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुये आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार अपनी नाकामयाबी छिपाने के लिये तरह-तरह के शड़यंत्र कर रही है और दुर्भावनावष कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के खिलाफ निराधार एवं झूठे आपराधिक मामले दर्ज कर रही है।

## रवि के प्रयास से मयंक के मेरु ट्रांसप्लांट के लिए 18 लाख स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय के प्रयासो से ग्राम खोखसा के 10 वर्षीय बालक मयंक साहू के बोन मेरू ट्रांसप्लांट के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत 18 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। अब जल्द ही बालक मयंक का सर्जरी नारायणा हेल्थ सीटी बैंगलोर हॉस्पिटल मे होगा और वह भी अन्य बच्चों की तरह जीवन यापन कर सकेगा।



ज्ञात हो कि दीना साहू अपने पुत्र मयंक 10 वर्ष के साथ ग्राम खोखसा मे निवास करता है। पुत्र मयंक बचपन से ही मेजर थैलेसिमिया नामक बिमारी से पीड़ित है। उसे हर दूसरे सप्ताह मे ब्लड ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है। चिकित्सकीय जांच बाद पता चला कि इसका एकमात्र उपाय बोनमेरो ट्रांसप्लांट है। पुत्र मयंक के साथ दीना साहू इंजी. रवि पाण्डेय से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इंजीनियर पाण्डेय ने मामले की संवेदन शीलता को देखते हुए तुरंत मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत राशि प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से निवेदन किया और विधिवत प्रक्रिया पूर्ण करवाने मे साहू दम्पत्ति की मदद किया अंततः बोन मेरू ट्रांसप्लांट सर्जरी हेतु 18 लाख की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई। दीना साहू अपने परिवार सहित इंजीनियर रवि पाण्डेय का आभार व्यक्त करने उनके जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे जहां इंजीनियर पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णदेव साय की संवेदन शीलता और बालक के भाग्य से ये कार्य हुआ है। इंजीनियर पाण्डेय ने बालक मयंक को गोद मे लेकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक की तृतीय पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

## कर्मचारी, पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार के लिए स्व. बैस ने किया आजीवन संघर्ष : मनहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक प्रांताध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. जगत सिंह बैस के तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर नगर के बलौदा रोड में मां मनका मंदिर के पास स्थित पेंशनर भवन में स्थापित स्व. जगह सिंह बैस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।




स्व. बैस की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते पेंशनर।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डीपी मनहर ने कहा कि स्व. जगत सिंह बैस ने कर्मचारी, पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष किया।वे जब तक शासकीय सेवा में रहे तब तक शासकीय कर्मचारियों को उनके उपस्थिति मात्र से ऐसा लगता था की कोई भी उच्च अधिकारी उनके साथ अन्याय अथवा भेदभाव नहीं कर सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने पेंशनरों को संगठित कर उनके हक की लड़ाई लड़ी एवं वरिष्ठ नागरिकों को शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों पर मिलने वाली सुविधाओं के लिए संघर्ष किया। रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि स्व. बैस ने न केवल कर्मचारी,पेंशनर व वरिष्ठ नागरिकों के लिए संघर्ष किया बल्कि नगर मे रेल सुविधाओं सहित अन्य प्रमुख समस्याओं को लेकर हुए आंदोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी होती थी। श्रद्धांजलि सभा को पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त, संघ के प्रांतीय अंकेक्षक बनवाली राम साहू, रामभरोस कैवर्त , भगवत लाल बंजारे, दुर्गा राव,इंद्रमन मरकाम ,बी कोसरे ,आर के टांडे, बलदाऊ प्रसाद जायसवाल एवं राजेंद्र गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शंकर लाल आदित्य, गोपाल सिंह खरसन, गणेश नामदेव, धनीराम कंवर ,शिवचरण सिंह, बद्री पटेल, ईश्वर लाल धीरही, लखन लाल भूवने, शंकर लाल यादव, झगर सिंह मरावी, भारत लाल साहू ,सुखदेव प्रसाद कुर्रे, इंद्रनाथ भगत,जेएल आदिले ,लक्ष्मण प्रसाद साहू ,खोलबहरा यादव ,रामाधार बंजारा एवं संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शासकीय स्कूल देवरी में छात्र-छात्राओं से लिया अतिरिक्त एडमिशन फीस, हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

ग्राम पंचायत देवरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्रों से अतिरिक्त एडमिशन फीस लिए जाने की लिखित शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

गौरतलब है कि बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है जहां एडमिशन में अतिरिक्त शुल्क लिए जाने की शिकायत गांव के लोगो ने जनपद पंचायत सीईओ और बीईओ से की गई है। आपको बता दें कि 2023 में मिडिल क्लास के उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं से कक्षा नवमी में एडमिशन के लिए देवरी विद्यालय के प्राचार्य 1010 रुपए प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है। इस क्रम में कक्षा दसवीं में प्रवेश शुल्क 930 रुपए व परीक्षा शुल्क 450 रुपए लिया गया है। इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ने वाले गणित, विज्ञान के छात्र - छात्राओं से प्रवेश शुल्क 970 रुपए एवं कला, वाणिज्य के छात्रों से प्रवेश शुल्क 900 रुपए , कक्षा बारहवीं में गणित, विज्ञान पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं से प्रवेश शुल्क 970 रुपए व परीक्षा शुल्क 760 रुपए , कला, वाणिज्य के छात्रों से प्रवेश शुल्क 820 रुपए व परीक्षा शुल्क 520 रुपए लिया जा रहा है, जिस पर रोक लगाने की मांग करते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं ब्लाक शिक्षा अधिकारी बम्हानीडीह को लिखित में शिकायत पत्र सौंपा गया है।